बोरिगांव में त्रिदिवसीय ऐतिहासिक मड़ई संपन्न

डाबुगां 25 मार्च (सन्यूस) डाबुगां ब्लाक के बोरिगांव पंचायत मुख्यालय में गत दिवस त्रिदिवसीय ऐतिहासिक मड़ई धूमधाम से आयोजित किया गया।

इस अवसर पर बोरिगांव के उन्नीत उच्च विधालय पास के मड़ई मैदान में गांव के देवादेवियों का भव्य पूजा अर्चना किया गया। सिके साथ ही आस पास गांवों को आमंत्रित देवादेवियों के देवलाठ कुर्सी, छत्र डोली आदि का भी पूजा अर्चना कर मड़ई स्थल का परिक्रमा कराया गया।

इस दौरान डाबुगां के विधायक मनोहर रंधारी सपत्नीक शामिल हुये। इसके अलावा सांसद प्रतिनिधि एम. आप्पा राव, डाबुगां विधानसभा क्षेत्र के पर्यवेक्षक अशोक मुर्ती, बीजद ब्लाक अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार मिश्र, बीजद जिला सचि एम बुलू राव, आर प्रकाश राव आदि उपस्थित थे। मड़ई में भारी भीड़ देखी गई तथा मड़ई

स्थल पर तरह तरह के दुकानें सजे थे। गत 15, 16 एवं 17 मार्च तक आयोजित मड़ई के दौरान लोगों के मनोरंजन हेतु धारनीजोड़ी एवं दाईनीगुड़ा के आदिवासी नाटकों का मंचन किया गया।

विभिन्न गांवों से आमंत्रित देवा देवियों के देवलाठ कुर्सी, डोली आदि को गत 17 मार्च को सस्मम्मान विदाई दी गई। उक्त ऐतिहासिक मड़ई को सफल बनाने मड़ई संचालन कमेटी के अध्यक्ष सुकाली पुजारी, डोमू पुजारी, कृष्ण चंद्र पनका, चंद्र मोहन पनका, लईखन पनका, धनसिंग नायक, ईश्वर माझी, लखमा भत्रा, सुकमन पुजारी, धन्ने पुजारी, दशमू कलार, लछन गांडा, वेणुधर पुजारी राजू हरिजन बुलू पुजारी पोड़ागड़ धार्मिक संस्था के अध्यक्ष उध्दर्व चरण नायक आदि ने सहयोग दिया।

अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई करें- सीएम

कोरोना वायरस से सौ.डेढ सौ लोगों के मरने की थी अफवाह

भोपाल 25 मार्च (ए) कोरोना वायरस को लेकर फैल रही अफवाहों को लेकर प्रदेश के नवागत मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि ऐसी अफवाहों पर अंकुश लगाया जाएं और अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री चौहान ने मंत्रालय में कल को कोरोना वायरस के फैलाव को रोकने के उपायों पर समीक्षा करते हुए यह निर्देश दिए। दरअसलए बैठक में यह बताया गया कि जबलपुर में यह अफवाह फैला दी गई कि सौ.डेढ़ सौ लोग मर गए हैं। कोरोना वायरस रुक नहीं रहा है। दोपहर साढ़े तीन बजे मंत्रालय पहुंचे मुख्यमंत्री ने कोरोना वायरस के फैलाव और रोकथाम के उपायों पर अधिकारियों से फीडबैक लिया। इस दौरान प्रमुख सचिव स्वास्थ्य पल्लवी जैन गोविल ने बताया कि ग्वालियर और शिवपुरी में एक.एक प्रकरण पॉजिटिव पाए गए हैं। इसके बाद सतर्कता और बढ़ा दी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दोनों जिलों में भी भोपाल और जबलपुर की तरह कर्फ्यू लगाया जाए। लोगों को घरों से निकलने से रोका जाए। जनता तक यह संदेश पहुंचाया जाए कि वे संपर्क की कड़ी को तोड़ें और कुछ दिन घर के बाहर न निकलें। जरुरी सामग्री लेने भी सीमित समय के लिए बाहर जाएं। अधिकारियों से कहा कि अत्यावश्यक सामग्रियों की आपूर्ति बाधित न होए इसके पुख्ता इंतजाम किए जाएं। दूध सब्जीए किरानाए दवा सहित अन्य सामग्रियां मिलेंए यह सुनिश्चित किया जाएए लेकिन कहीं भी भीड़ नहीं लगनी चाहिए। कलेक्टर सहित पूरा प्रशासनिक अमला मुस्तैदी से इस महामारी से निपटने के लिए खुद को झोंक दें। कोरोना से किसी को घबराने की जरूरत नहीं है। सबके सहयोग से इस पर काबू पाया जा सकता है। इसके लिए जनमानस बनाने सोशल मीडिया से लेकर सभी साधनों का इस्तेमाल करें। बैठक में जब यह बताया गया कि जबलपुर में यह अफ्वाह फैला दी गई कि सौ.डेढ़ सौ लोगों की मौत कोरोना वायरस की वजह से हो गई है और यह रुक नहीं रहा है तो मुख्यमंत्री ने सख्ती से कहा कि इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसा करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए।

स्वास्थ्य विभाग सटीक जानकारी लोगों को मीडिया के जरिए उपलब्ध कराएं। निजी अस्पतालों में उपलब्ध अमले से भी सहयोग लिया जाए। साथ ही जिन राष्ट्रीय उद्यानोंए पर्यटन क्षेत्रों से भ्रमण करके विदेशी मेहमान लौटे हैंए वहां सघन जांच कराई जाए। अधिकारियों ने बताया कि भोपाल मेमोरियल अस्पताल और अनुसंधान केंद्र को कोरोना वायरस की जांच के लिए राज्य स्तरीय संस्थान घोषित कर दिया है। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में अब तक कुल नौ पॉजिटिव प्रकरण का पता लगा है। यह सभी भोपालए जबलपुरए ग्वालियर और शिवपुरी के हैं। कुल 26 प्रकरण जांच के लिए भेजे गए हैं और एक हजार 920 की निगरानी की जा रही है। जिन जिलों में विदेशी नागरिक आए थेए वहां शहरी क्षेत्रों में घर.घर जाकर जांच करने के साथ निगरानी रखी जा रही है। मुख्यमंत्री ने ऐसे संभावित घरों और क्षेत्रों को तत्काल अलग रखने के निर्देश दिएए ताकि वहां रहने वाले किसी के संपर्क में न आ पाएं। सभी दस डिस्टिलरी ;आसवनीद्ध को सैनिटाइजर बनाने के लिए कहा गया हैए ताकि वह स्थानीय स्तर पर आसानी से उपलब्ध हो सके। बैठक में चिकित्सा सलाह के मुताबिक सभी अधिकारियों की बैठक व्यवस्था में एक मीटर का अंतर रखा गया। इस दौरान मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंसए पुलिस महानिदेशक विवेक जौहरी सहित संबंधित विभागों के अपर मुख्य सचिव और प्रमुख सचिव मौजूद थे।

कोरोना संक्रमण के डर से पांच मजदूरों ने की घर वापसी

डाबुगां 25 मार्च (सन्यूस) रोजगार की तलाश में अन्य राज्यों में गये ब्लाक क्षेत्र के मजदूरों के कोरोना वायरस संक्रमण को लेकर वापस गांव लौटने का सिलसिला शुरु हो गया है।

विदित हो कि कोरोना वायरस का संक्रमण पूरे विश्व में इस समय महामारी का रुप ले रहा है। इससे बचाव के लिए सभी देश तथा राज्यों में व्यापक प्रयास किये जा रहे हैं। वायरस संक्रमण को लेकर लोगों में एक तरह का दहशत का माहौल बन गया है। डाबुगां ब्लाक क्षेत्र के कई मजदूरों ने रोजगार की तलाश में अन्य राज्यों में गये हुये है एवं मौजूदा कोरोना वायरस संक्रमण हालात को देखते हुये मजदूरों ने घर वापसी करने लगे है। इसी क्रम में गत 20 मार्च को हैदराबाद गये चिकिली गांव के पांच मजदूरों ने घर वापसी की है। मजदूरों के घर लौटने पर चिकिली के ग्रामीणों के साथ साथ उनके परिजनों ने एहतियात के तौर पर संबंधित मजदूरों के चिकित्सालय जाकर स्वास्थ्य परीक्षण कराने की सुझाव दिये।

जिससे मजदूरों ने डाबुगां के सामुदायिक चिकित्सालय में पहुंच कर स्वास्थ्य परीक्षण कराया मगर उनको कोरोना वायरस से संक्रमित जैसी कोई लक्षण नहीं पाया गया है फिर भी उनके परिजनों से दो सप्ताह तक अलग रहने सुझाव दिये गये है। बताया गया है कि ब्लाक क्षेत्र के कितने मजदूर रोजगार की तलाश में अन्य राज्यों में पलायन किये हैं, इस बारे में शासकीय स्तर पर कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है। गैर शासकीय सूत्रों के अनुसार गत एक सप्ताह के अंदर कुल 17 मजदूरों ने कोरोना वायरस संक्रमण के डर से घर वापसी की है।

घट.कलाश स्थापना के साथ कोरोना के साये में देवी आराधना

आदिशक्ति के महापर्व का पदार्पण

जबलपुर 25 मार्च (ए) ई एम एस। आदिशक्ति के महापर्व चैत्र नवरात्र की शुरूआत बुधवार को शुभ मूहूर्त में घट.कलश स्थापना के साथ की गई। इसी के साथ ही आस्था की लौ में भक्ति की जोत चौतरफ दमकने लगी है जो पूरे नौ दिनों तक दिव्यता को धारण करेगी। कोरना वायरस के चलते शहर में लगे कर्फ्यू और लॉकडाउन के कारण नगर की प्रमुख शक्तिपीठों के सभी कार्यक्रम स्थगित कर दिए हैं एसे में लोग घरों पर ही माता की भक्ति में लीन नजर आयेंगे। वासंतेय नवरात्र के प्रथम दिन बैठकी को श्रद्धालुओं ने घट स्थापनाए अखंड ज्योत प्रज्जवलित कर माँ का आव्हान किया।

चैत्र नवरात्र के प्रारंभ होते ही माँ भगवती की आधराना में भक्त लीन हो गए हैं। नवरात्र के साथ ही नव संवत्सर 2077 का भव्य आगाज हो गया है। इसी के साथ ही चेट्रीचंड महोत्सवए गुड़ी पडवा का पर्व भी लोग इस बार घर पर ही मनायेंगे। यह पहला मौका है जब नवरात्र पर देवी मंदिरों में कोरोना वायरस के कारण भक्तों की चहल पहल दिखाई नहीं देगी। लोग घरों पर ही विधि विधान से पूजन पाठ करेंगे। नवरात्र के पहले दिन प्रतिपदा को माँ भगवती के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री का श्रद्धालुओं ने पूजन किया।

तप की चारणी माँ ब्रम्हचारिणी

माँ दुर्गा की नव शक्तियों का दूसरा स्वरूप ब्रम्हचारिणी का है। ब्रम्हचारिणी अर्थात् तप की चारिणी। इनके दाहिने हाथ में जप की माला एवं बायें हाथ में कमंडल है। ज्योतिषाचार्य पंण् सौरभ दुबे के अनुसार माँ दुर्गा का यह दूसरा स्वरूप भकों को अनंत फ्ल देने वाला है। इनकी उपासना से मनुष्य में तपए त्यागए वैराग्यए सदाचार व संयम में वृद्धि होती है। माता ब्रम्हचारिणी का पूजन शक्र और फ्ल से करें साथ ही तीन वर्ष की कन्या का पूजन कर उन्हें उपहार स्वरूप मिठाईए नारियल और अनार देना चाहिए इससे भौतिक सुखों में वृद्धि तथा समृद्धि की प्राप्ति होती है।

कालीधाम में 351 अखंड

ज्योति कलश की स्थापना श्री शक्तिपीठ कालीधाम ग्वारीघाट में चैत्र मास की नवरात्र पर 351 अखंड ज्योति मनोकामना कलश की स्थापना बैठकी को श्रीकालीधाम शिष्य परिवार द्वारा की गई। माँ भगवती काली को षोड्योपचार विधि से यहां प्रतिदिन पूजन अर्चनए श्रृंगार एवं दुर्गा सप्तशती का पाठ पंडितों द्वारा किया जाएगा। दंडी स्वामी कालिकानंद सरस्वती स्वामी प्यारेनंद महाराज ने श्रीकालीधाम परिवार के शिष्यों एवं श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि कोराना वायरस के चलते अपने को घरों में सुरक्षित रखें और घर में ही भगवती का नौ दिन पूजन अर्चन करें।

गायत्री शक्तिपीठ में नहीं होगी आराधना.उपासना

कोरोना वायरस की महामारी के कारण गायत्री शक्तिपीठ में इस नवरात्र पर साधनाए उपासना और आराधना नहीं होगी।

गायत्री परिवार के मुख्य ट्रस्टी प्रमोद राय ने परिजनों से अपील की है कि वे नवरात्र की साधनाए पूजन पाठ अपने निवास पर ही करें।

एक माला महामृत्युंजय मंत्र एवं गायत्री अनुष्ठान कर माँ दुर्गाए माँ गायत्री से इस घोर संकट की घड़ी से मुक्ति दिलाने की प्रार्थना करें।

हंसदास मठ पर चैत्र नवरात्रि शुरु

कोरोना संक्रमण के चलते इन अनुष्ठानों में आम जनता एवं यजमानों की भागीदारी नहीं की जाएगी

इन्दौर 25 मार्च (ए) बड़ा गणपति पीलियाखाल स्थित प्राचीन हंसदास मठ पर चैत्र नवरात्रि महोत्सव का शुभारंभ बुधवार 25 मार्च को महामंडलेश्वर हंस पीठाधीश्वर महंतश्री रामचरणदास महाराज के सान्निध्य में सुबह 6 से 7ण्30 बजे के बीच ब्रम्ह मुहूर्त में घट स्थापना के साथ होगा।

मठ के पंण् पवन शर्मा ने बताया कि चैत्र नवरात्रि महोत्सव में 25 मार्च को पहले दिन घट स्थापना के बाद मंडल स्थापनाए कलशए ज्वारे एवं अखंड दीप की स्थापना कर नवगृह षोडष मातृिका

पूजन के बाद आरती होगी। मठ स्थित मां अन्नपूर्णाए मां गायत्री एवं मां सरस्वती का मनोहारी श्रृंगार कर उनके समक्ष विद्वानों द्वारा सम्पुटित दुर्गा सप्तशती के पाठ होंगे। चैत्र महाअष्टमी एवं नवमी के उपलक्ष्य में 1 एवं 2 अप्रैल को सुबह दुर्गा सप्तशती पाठ की पूर्णाहुति का यज्ञ एवं कन्या भोज भी होगा। समूचे मठ परिसर में आकर्षक विद्युत एवं पुष्पसज्जा की जाएगी। गुरूवार 2 अप्रैल को राम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। कोरोना संक्रमण के चलते इन अनुष्ठानों में आम जनता एवं यजमानों की भागीदारी नहीं की जाएगी।

जनता कर्फ्यू में 85 फ़ीसदी घटे अपराध

भोपाल 25 मार्च (ए) पिछले 10 दिनों में राजधानी भोपाल के थानों में बहुत कम अपराध दर्ज हुए हैं। जनता कर्फ्यू होने के बाद हत्या एत्या की कोशिश डकैती चेन स्नेचिंग लूट नकबजनी छेड़छाड़ बलात्कार और अपहरण के मामले काफी कम हो गए हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार पिछले 2 दिनों में लगभग 85 फ़ीसदी तक अपराध में कमी आई है।

डीआईजी इरशादवली के अनुसार उक्त कर्फ्यू के दौरान पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद है। सूने मकानों की घर.घर जाकर पुलिस तस्दीक कर रही है। करोना के डर से अपराधी भी अपने घरों से नहीं निकल रहे हैं। जिसके कारण अपराधों में काफी कमी आई है।

भोपाल में रोजाना 6 से 7 घटनाएं वाहन चोरी की होती थी। नाबालिगों के अपहरन के भी मामले दर्ज होते थे । पिछले 2 दिनों में भोपाल से केवल 3 बाइक चोरी हुई हैं। छोटे.मोटे झगड़ों की शिकायत थाने में पहुंच रही हैं। पुलिस की सक्रियता से जनता कर्फ्यू के दौरान अपराध काफी कम हो गए हैं।

21 दिन के लॉकडाउन से टूट जाएगी देश की आर्थिक कमर

भोपाल 25 मार्च (ए) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोरोना वायरस के हमले से निपटने के लिये 21 दिन के लॉकडाउन की जो घोषणा की उससे आम जनता में तो घबराहट फैल ही गईए वहीं छोटे.बड़े कारोबारियों से लेकर तमाम बड़े.बड़े उद्योगपतियों में भी चिंता हैए क्योंकि देश पहले से ही आर्थिक संकट से जूझ रहा है और लगातार नोटबंदी के बाद से आर्थिक मंदी बाजार में कायम हैं और अब उससे थोड़ा उबरने का मौका आया था कि कोरोना का संकट आ गयाए जो कि नोटबंदी से भी कई गुना ज्यादा नुकसान पहुंचायेगाए क्योंकि इस देश बंदी से भारत की आर्थिक कमर बुरी तरह से टूट जाएगी और इसकी क्षतिपूर्ति में कई महीनों और साल लग जाएंगे। आम आदमी से लेकर गरीबों के पिं से फ्लीते हैं।

जिस तरह नोटबंदी के असर साल भर के बाद दिखने लगे और नौकरियां तेजी से खत्म हुईए वहीं किसानों से लेकर हर तरह का कारोबार प्रभावित हुआ और हर उद्योग को मंदी का सामना करना पड़ रहा है। यहां तक की जीडीपी की दर भी नीचे गिर गई। अब कोरोना के हमले के चलते देश एक ओर बड़े संकट का सामना करने जा रहा है और आधी रात से जो 21 दिन का लॉकडाउन घोषित किया गयाए वह भारत जैसे आर्थिक रूप से कम संपन्न देश की कमर ही तोड़कर रख देगाए क्योंकि यह लॉकडाउन आगे भी लंबा हो सकता हैं। रोज कमाकर खाने वालों के तो फजीते रहेंगेए वही हर तरह का कारोबार इसमें प्रभावित हो और यह देशबंदी नोटबंदी से भी कई गुना अधिक आर्थिक रूप से घातक सिद्ध होगीए क्योंकि समाज का हर तबका काम पर जाने की बजाये अपने अपने घरों में कैद होकर रह गया हैं।

जबलपुर स्टेशन पर 150 साल बाद लगे ताले

जबलपुर 25 मार्च (ए) मप्र का जबलपुर स्टेशन 150 साल पुराना है। 150 वर्ष के इतिहास में कभी भी इस स्टेशन को बंद नहीं किया गया। कोरोना वायरस के चलते डेढ़ सौ साल बाद इस स्टेशन के दरवाजों को लॉक किया गया है। स्टेशन के प्लेटफार्म नं0 1 और 6 की ओर बने मुख्य प्रवेश द्वार को बंद कर इसमें ताला लगाया गया है।

रिफंड नहीं डंडे मिले- रेलयात्री जिन्होंने अपने रिजर्वेशन करा रखे थे। वह अपना रिफंड लेने जब रेलवे स्टेशन पर पहुंच रहे हैं । वहां ताला लगा मिल रहा है। स्टेशन के बाहर आरपीएफके जवान यात्रियों को डंडे मारकर भगा रहे हैं। रेलवे यात्रियों को जिन्होंने आरक्षण करा रखे थे उन्हें कोई जानकारी भी नहीं दी जा रही है।

इंदौर और उज्जैन में पांच मरीज मिले, मध्यप्रदेश में संख्या बढ़कर 14 हुयी

भोपाल, 25 मार्च (वार्ता) मध्यप्रदेश के इंदौर में आज चार और उज्जैन में एक व्यक्ति कोरोना वायरस (कोविड 19) से संक्रमित पाए गए। इसके साथ ही राज्य में कोरोना से पीड़ित मरीजों की संख्या बढ़कर 14 हो गयी। इंदौर से यूनीवार्ता के अनुसार इंदौर स्थित लैब में कोरोना के संदिग्ध मरीजों के सैंपल की जांच की जा रही है। इनमें से पांच आज पॉजिटिव पाए गए। इनमें से चार इंदौर जिले के और एक उज्जैन जिले का है। इसके अलावा अभी तक जबलपुर से छह और भोपाल, ग्वालियर तथा शिवपुरी में एक एक व्यक्ति कोरोना से संक्रमित मिला है। इस बीच राज्य के सभी 52 जिलों में कल रात से लॉकडाउन कर दिया गया है, जो 14 अप्रैल तक जारी रहेगा। इसका अब सख्ती से पालन कराया जा रहा है। सभी जिलों में कर्फ्यू जैसी स्थिति है, हालांकि आवश्यक सेवाओं और वस्तुओं की सरलाई सुनिश्चित की जा रही है। नागरिकों से अनुरोध किया जा रहा है कि वे अनावश्यक रूप से घर से बाहर नहीं निकलें। स्वास्थ्य या कोई अन्य समस्या है तो कॉल सेंटर पर या प्रशासन से संपर्क करने के लिए नागरिकों से अनुरोध किया गया है। इसके अलावा राज्य में व्यवसाइयों, खासतौर से दवा विक्रेताओं और आवश्यक वस्तुओं के विक्रेताओं से अनुरोध किया गया है कि वस्तुओं का संग्रहण कालाबाजारी के उद्देश्य से नहीं करें और प्रशासन के दिशा निर्देशों के अनुरूप नागरिकों को सामान मुहैया कराएं।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान स्वयं पूरी स्थिति पर लगातार निगरानी रखे हुए हैं। वे वरिष्ठ अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के माध्यम से मैदानी क्षेत्र की जानकारी ले रहे हैं और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे हैं। उन्होंने सभी जिलों के प्रशासन को निर्देश दिए हैं कि कोरोना को रोकने के लिए सभी प्रोटोकॉल का पालन कराया जाए और नागरिकों को आवश्यक वस्तुओं की कमी नहीं होने दी जाए।

हमीदिया और जेपी अस्पताल में पर्याप्त संख्या में पहुंचे मास्क और सैनिटाइजर

भोपाल 25 मार्च (ए) स्वास्थ्य विभाग ने हमीदिया अस्पताल में 10 हजार मास्क और पर्याप्त मात्रा में सैनिटाइजर उपलब्ध करा दिए हैं। इसी तरह जेपी अस्पताल में भी 1000 मास्क और सैनिटाइजर की व्यवस्था की गई है। जेपी अस्पताल प्रबंधन ने सेंट्रल जेल भोपाल के अधिकारियों से संपर्क किया है। कैदियों द्वारा बनाए जा रहे हैं। कपड़े के मास्क उपलब्ध कराने के लिए जेल प्रशासन से कहा गया है। हमीदिया अस्पताल के अधीक्षक के अनुसार अस्पतालों में सैनिटाइजर और मास्क की कोई कमी नहीं है। पर्याप्त मात्रा में सैनिटाइजर उपलब्ध कराए गए हैं।

भोपाल 25 मार्च (ए) भोपाल में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को एचइजी कंपनी के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर मनीष गुलाटी ने कोरोना वायरस की रोकथाम के लिये मुख्यमंत्री सहायता कोष के लिये एक करोड़ रूपये का चैक भेंट किया।